तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 29 दिसम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से गुलजार हुआ मैनपाट, पहुंच रहे दूर-दूर के लोग

4



## खबर संक्षेप

### दशहरा मैदान में निःशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर आज

**बिश्रामपुर।** महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 29 दिसंबर दिन सोमवार को एक निःशुल्क महिला स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है,यह शिविर दशहरा मैदान, एसईसीएल अस्पताल के सामने प्रातः10:30 बजे से प्रारंभ होगा।शिविर में महिलाओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श तथा आवश्यक निःशुल्क दवाओं का वितरण किया जाएगा, इसके साथ ही शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सकों की सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी, जिससे महिलाओं को एलोपैथिक के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श का भी लाभ मिल सकेगा,आयोजकों ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा प्रारंभिक स्तर पर स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर उचित उपचार उपलब्ध कराना है। स्वस्थ महिला से ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

### प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 11 बजे से होगा कलेक्टर जनदर्शन

**अंबिकापुर।** जिले में प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन अब आगामी सप्ताह से प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को प्रातः 11 बजे से जिला कलेक्टरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने जनदर्शन कार्यक्रम में शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले आमजन-ग्रामीणों को किसी प्रकार से कोई परेशानी न हो, इसके लिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को उक्त व्यवस्था का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं।

### चूना पत्थर में भंडारित 100 बोरी अवैध धान जब्त

**बलरामपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम चुनापत्थर में अवैध 100 बोरी धान जप्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल रात्रि ग्राम चूना पत्थर में जवाहिर पंडों के घर के बाहर लगभग 100 बोरी धान अज्ञात व्यक्ति द्वारा छोड़कर फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही तहसीलदार अश्विनी चंद्रा, नायब तहसीलदार आईसी यादव सहित संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और मौके पर 100 अवैध बोरी धान को जब्त किया गया।

### औचक निरीक्षण में अनुपस्थित रोजगार सहायक, नोटिस जारी

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने 26 दिसम्बर को चेक पोस्ट रामानुजगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत केरवाशीला ग्राम रोजगार सहायक संजय सिंह जिनकी ड्यूटी चेक पोस्ट पर लगाई गई थी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। उक्त संबंध में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के सीईओ रणवीर साय के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 3 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। समयावधि में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने अथवा संतोषजनक न होने की स्थिति में संजय सिंह के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### अत्यधिक शराब पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुंनी पकरिया निवासी सोमार साय आ. लल्ला राम मझवार (55 वर्ष) 26 दिसंबर को गांव में घूम-घूम कर शराब पीने के बाद घर पहुंचा और भोजन किए बिना ही सो गया। दूसरे दिन तबीयत ज्यादा खराब हो गई जिस पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# यूपी का धान समितियों में खपाने वाले कोचिया भाई गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बलरामपुर

किसानों के खातों के आधार पर अवैध धान खपाने वाले कोचिया भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- निकासी पर्ची में किसानों के अंगूठे लगवाकर रख लेते थे आरोपी, बड़े पैमाने पर चल रहा था खेल

आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में किसानों के दस्तावेज बरामद किए है। आरोपी भाई लम्बे समय से यूपी का धान लाकर समितियों में अवैध रूप से खपाने का काम कर रहे थे और अब तक करोड़ो रुपए का नुकसान शासन को पहुंचाए जाने की आशंका है। बड़ी बात यह है कि इस गोरखधंधे में कोचियों का साथ लालच में आए किसानों के साथ ही समिति प्रबंधक व कर्मचारी भी दे रहे थे। पुलिस अधिकारी आने वाले समय में इस मामले में और भी गिरफ्तारियां होने की बात कह रहे है।



बता दें कि 26 दिसम्बर को अवैध धान तस्करी में लगे पिकअप वाहन को पकड़ने के बाद राजस्व और पुलिस विभाग की टीम कुर्लूडीह निवासी श्याम सुन्दर गुप्ता के घर तक पहुंची थी। अधिकारियों ने जब कोचिया के घर में दबिश दी तो वहां मौजूद धान की बोरियां व किसानों के दस्तावेज देखकर होश उड़ गए। कोचिया श्याम सुन्दर गुप्ता और उसके भाई शिवम गुप्ता द्वारा उत्तर प्रदेश से बड़े पैमाने पर की तस्करी की जा रही थी और तस्करी कर लाए गए धान को विभिन्न समितियों में खपाया जा रहा था। कोचियों द्वारा समितियों में धान खपाने के लिए आस पास के किसानों के खाता नम्बर, बैंक पासबुक, ऋण पुस्तिका सहित अन्य दस्तावेज को अपने पास रखा गया था और किसानों के नाम पर ही कोचिया भाई समितियों में अपना धान खपा रहे थे। पुलिस एन आरोपियों के पास से अवैध व कूटरचित दस्तावेज जैसे कटा हुआ चेक, लेखा जोखा पर्ची, राशि जमा पर्ची, भरा हुआ विड्रॉल फार्म, जिला सहकारी बैंक से इंडियन बैंक सुपाचुवा (उप्र) का आरटीजीएस फार्म, तौल पर्ची, करीब 400 बोरी अवैध धान, चेक बुक 62 नग, किसान किताब भाग एक 46 नग, भाग- दो 59 नग, वन अधिकार पुस्तिका 2 नग, केसीसी पास बुक 19 नग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का पास बुक 161 नग, बड़ा डायरी 13 नग, पॉकेट डायरी 8 नग, कटा हुआ चेक 22 नग, डेली अटेडेन्स (बिना भरे हुये) जिला सहकारी बैंक का रजिस्टर 02 नग, विड्रॉल फार्म भरा हुआ 261 नग, सामान्य हिसाब किताब एवं बिल पर्ची 550 नग, विड्रॉल फार्म कोरा (बिना भरे हुये) 1 बण्डल बैंक का जमा पर्ची एवं टोकन पर्ची 150 नग, धान खरीदी केन्द्र का तौल पर्ची 100 नग एवं तलाशी के दौरान नगद राशि 1,67100- रूपये एवं अन्य दस्तावेज बरामद किया था। अब इस मामले में पुलिस ने दोनों भाइयों कुर्लूडीह निवासी 35 वर्षीय श्याम सुन्दर गुप्ता आ. कृष्णकान्त प्रसाद गुप्ता व शिवम गुप्ता आ. कृष्णकान्त प्रसाद गुप्ता को धारा 3,7 ईसी एक्ट 1955 एवं बीएनएस की धारा 318(4), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### समिति प्रबंधक व कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में

आरोपियों द्वार यूपी से धान लागर किसानों के नाम पर खपाया जाता था। इसके साथ ही धान बिक्री से आने वाली राशि के लिए आरोपियों द्वारा किसानों के बैंक पासबुक, विड्राल फॉर्म को अपने पास रखा गया था और निकासी पर्ची पर पहले से ही किसानों के अंगूठे के निशान लगवा लिए गए थे। खातों में राशि आने दोनों आरोपी आहरित कर लेते थे। बड़ी बात यह है कि इतना बड़ा कारोबार समिति प्रबंधक व कर्मचारियों की सहमती और मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। वहीं जिन किसानों ने अपनी मर्जी से अपने ऋण पुस्तिका व दस्तावेज कोचियों को अवैध करोबार के लिए दिए उनकी भूमिका भी संदेह के दायरे में है मिला समिति के लोगों के मिली भगत के इतना बड़ा कारोबार चलना संभव नहीं है। थाना प्रभारी सनावल श्री भारद्वाज ने बताया कि इस मामले की जांच चल रही है और आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां होगी।

## लेनदेन नहीं होने के कारण डेफ में चली गई राशि

# सरगुजा में 3 लाख से अधिक ऐसे खाते जिनमें वर्षों से पड़े हुए हैं 123 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में लगभग बहुत से ऐसे लोग है जिन्होंने कभी ना कभी बैंकों में अपना खाता खुलवाया लेकिन आज वे उस खा ता नम्बर का उपयोग नहीं कर रहे है। ऐसा नहीं है कि ये खाते खाली पड़े हुए है। इन डेफ खातों में अच्छी खासी रकम जमा है और जिसके बारे में जानकार आप भी हैरान हो जाएंगे। सिर्फ सरगुजा संभाग के बैंकों में मौजूद लगभग 3 लाख खातों में 123 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पड़ी हुई है। बड़ी बात यह है कि इनमें लोगों के निजी खातों के साथ ही विभागीय अकाउंट भी है। जो विभाग कभी फंड नहीं होने का रोना रोते रहते है उन्हें पता ही नहीं है कि उनके इन ऑपरेटिव और डेफ अकाउंट में 12 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा है।

**खास बात**

- जिले में सर्वाधिक 36 करोड़ रुपए फंसे

दरअसल लोगों द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्यों के लिए बैंकों में अपने खाते खुलवाए जाते है लेकिन एक समय ऐसा आता है जब वे उन्हें इस बैंक खाता की आवश्यकता नहीं पड़ती है या फिर किसी ना किसी कारण से वे इन खाता नम्बरों का उपयोग करना बंद कर देते है। हालांकि ज्यादातर लोग अपने खातों को बंद करने से पहले उसमें जमा राशि को आहरित कर लेते है लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी है जिन्होंने कभी ना कभी अपने खाता नम्बर को ऐसे ही छोड़ दिया और आज वे खाते डेफ के रूप में तब्दील हो चुके है और उन खातों में जमा राशि आरबीआई के पास जमा हो गई है। सिर्फ सरगुजा संभाग की बात की जाए तो यहां कुल छह जिलों में लगभग 3 लाख से अधिक खातों में 123 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा पड़ी हुई है। इनमें डेफ के साथ ही इन ऑपरेटिव अकाउंट भी शामिल है। आंकड़ों के अनुसार जशपुर जिले में 28.80 करोड़, बलरामपुर जिले में 17.78 करोड़, मनेन्द्रगढ़ जिले में 14.88 करोड़, कोरिया जिले में 11.83 करोड़, सूरजपुर जिले में 13.72 करोड़ व सरगुजा जिले में सर्वाधिक लगभग एक 1 लाख खातों में 36 करोड़ रुपए आरबीआई के पास जमा पड़े हुए है। ये राशि पिछले दस वर्षों या उससे भी अधिक समय से खातो में पड़ी हुई है जिसे आरबीआई ने अपने पास रख लिया है।



### यहां से चल सकेगा पता

यदि किसी व्यक्ति का कोई खाता है जो गुम हो गया है या उसे अपने खाते के बारे में जानकारी नहीं है तो वह आरबीआई के उद्गम पोर्टल के माध्यम से जानकारी हासिल कर सकता है। उद्गम पोर्टल में केवाईसी डिटेल या फिर बैंक खाता खोलने के दौरान लगाए गए दस्तावेज के माध्यम से पता लगा सकते है कि उनके डेफ खाते में कितनी राशि जमा है। बड़ी बात यह है कि अनक्लेम राशी के प्रति जागरूक करने एव दावा प्रक्रिया के लिए आपकी पूंजी, आपका अधिकार" अभियान के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता निधि दावा शिविर का आयोजन 29 दिसंबर प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सभा कक्ष में किया जाएगा। यह अभियान वित्तीय सेवा विभाग, भारत सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के समन्वय से तथा सेबी, इरडा एवं पीएफआरडीए जैसे प्रमुख वित्तीय नियामकों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य निष्क्रिय खातों एवं अदावा वित्तीय परिसंपत्तियों को उनके वास्तविक खाताधारकों अथवा वैध उत्तराधिकारियों तक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचाना है।

### क्या है डेफ अकाउंट

अधिकारियों के अनुसार ऐसे बैंक खाते जिनमें दो वर्ष या उससे अधिक समय तक कोई वित्तीय अथवा गैर-वित्तीय लेन-देन नहीं हुआ है, उन्हें निष्क्रिय माना जाता है। वहीं दस वर्ष की अवधि पूर्ण होने के बाद खाते में शेष राशि जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता निधि (**DEAF**) में स्थानांतरित कर दी जाती है, जिसे बाद में संबंधित जमाकर्ता द्वारा दावा किया जा सकता है। डेफ (डिपाजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड) यानी के जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष यह ऐसी व्यवस्था है जिसमें खाता धारक के खाते की राशि आरबीआई अपने पास सुरक्षित रख लेता है।

### विभाग के भी 12 करोड़ रुपए डेफ में

सबसे बड़ी बात यह है कि शासकीय विभाग छोटे मोटे कार्यों के लिए फंड का रोना रोते रहते है तो वहीं दूसरी ओर विभागीय लापरवाही से बैंकों में मौजूद लगभग 12 करोड़ रुपए डेफ खाते में चले गए। विभागों में समय समय पर विभिन्न कार्यों के लिए खुलवाए गए खातों में शेष पड़ी राशि की ओर अधिकारियों ने वर्षों से कोई ध्यान नहीं दिया और ना ही उन खातों की सुध ली। आंकड़ों की बात की जाए तो सरगुजा जिले में 1593 ऐसे अकाउंट है जो डेफ अकाउंट में शामिल हो गए हैं और इनमें 4 करोड़ 25 लख रुपए जाम है। जशपुर जिले में 1761 अकाउंट में 2 करोड़ 22 लख रुपए, बलरामपुर जिले में 1936 खातों में 1 करोड़ 92 लाख रुपए है कोरिया जिले में 331 अकाउंट में 1 करोड़ 71 लाख रुपए, सूरजपुर जिले में 781 खातों में 1 करोड़ 58 लाख रुपए और एमसीबी जिले में 300 खातों में 26 लाख रुपए डेफ अकाउंट में जाम हो गए हैं।

### चलाया गया है अभियान

ऐसे खाते जिनमें दस साल से कोई लेनदेन नहीं हुआ है उनमें मौजूद राशि आरबीआई के डेफ फण्ड में चली जाती ई। वर्तमान में भारत सरकार, आरबीआई द्वारा कोशिश की जा रही है कि खाता धारकों को उनकी राशि वापस मिल सके। इसके लिए बैंकों में लगातार काम हो रहा है। इसके साथ ही हमने भी 29 दिसम्बर को एक शिविर लगाया है जहां सभी बैंकों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। उद्गम पोर्टल के माध्यम से भी लोग अपने निष्क्रिय और डेफ फंड के बारे में जानकारी हासिल कर सकते है। दस्तावेज पेश कर लोग अपने खातों को फिर से एक्टिव कर पाएंगे।

**-दीपेन्द्र यादव**, एडीएम सरगुजा



# व्यवसायी के गोदाम से अवैध धान का जखीरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रदेश में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाने के सरकारी दावों पोल उस समय खुल गई जब प्रशासनिक अमले ने प्रतापपुर क्षेत्र दबिश दी जहां बिचौलियों ने सहकारी समितियों और सरकारी योजनाओं को ठेंगा दिखाते हुए अपने घर को गोदाम बना लिया है। टीम ने व्यवसायी के गोदाम से न सिर्फ 1 हजार बोरी अवैध धान जब्त किया बल्कि 58 बोरी अवैध रेडी टू ईट और 8 बोरी पीडीएस का चावल बरामद किया।

- 58 बोरी अवैध रेडी टू ईट और 8 बोरी पीडीएस का चावल बरामद

कलेक्टर एस जयवर्धन के सख्त निर्देश पर एसडीएम ललिता भगत के नेतृत्व में गठित टीम ने सहकारी समिति रेवटी क्षेत्र में दबिश देकर धान के अवैध खेल का बड़ा खुलासा किया। ग्राम पंचायत चांचीडांड-2 निवासी व्यापारी घनश्याम गुप्ता के ठिकानों पर की गई जांच में प्रशासन के टीम के होश उड़ गए। पहले उसकी दुकान की जांच की गई जहां सब कुछ साफ-सुथरा दिखाया गया लेकिन जैसे ही टीम उसके मकान सह गोदाम में पहुंची तो असली तस्वीर सामने आ गई। घर के अंदर करीब 1000 बोरी अवैध धान का जखीरा मिला, जिसे बिना किसी वैध दस्तावेज के संग्रहित किया गया था। पूछताछ में घनश्याम गुप्ता ने किसानों से धान खरीदने की बात तो कबूल की लेकिन समर्थन मूल्य, खरीदी पंजी, परिवहन या भुगतान से जुड़ा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि धान को समितियों के नाम पर खपाने या बाद में ऊंचे दाम पर बेचने की योजना थी। प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से 1 हजार बोरी धान जब्त कर लिया। कार्रवाई यहीं नहीं रुकी जब टीम ने घर की तलाशी ली तो घर से पीडीएस का 6 बोरी चावल भी बरामद हुआ। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का चावल निजी मकान में मिलना अपराध की श्रेणी में आता है। इससे यह आशंका और गहरी हो गई है कि सरकारी राशन को भी हेराफेरी हो रही है। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार मुकेश दास, सीडीपीओ संतोषी सिंह, खाद्य निरीक्षक शशि जायसवाल, थाना प्रभारी चंदोरा मनोज सिंह, मंडी सचिव सीमा एक्का, राजस्व निरीक्षक मनोज भगत, पटवारी अजीत अग्रवाल सहित पुलिस व प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

### बंद कमरे में मिला रेडी टू ईट

जांच के दौरान एक बंद कमरे ने अधिकारियों का ध्यान खींचा। सहयोग न मिलने पर पुलिस की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर ताला तोड़ा गया। कमरे में आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं को वितरित किए जाने वाले रेडी टू ईट पोषण आहार का कुल 28 बोरी बरामद किया। रेडी टू ईट को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजंती देवी के सुपुर्द किया गया है।

### समिति में पाया गया पुराना धान

प्रशासन की दूसरी टीम ने नायब तहसीलदार मुकेश दास के नेतृत्व में सहकारी समिति टुकुडांड का निरीक्षण किया। यहां एक लॉट में 368 बोरी पुराना और अमानक धान पाया गया। आशंका जताई जा रही है कि इसे बिचौलियों द्वारा किसानों के नाम पर समिति में खपाने की तैयारी थी। जांच में वजन कांटों में गड़बड़ी भी सामने आई, जो सुनियोजित अनियमितता की ओर इशारा करती है।

# खरीदी केंद्र में किसानों से हो रही जबरन वसूली, सांसद ने लगाई फटकार

**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत बरियों क्षेत्र के किसानों द्वारा धान खरीदी में हो रही अनियमितताओं को लेकर सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज से शिकायत की गई। सांसद ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बरियों पहुंचकर किसानों से प्रत्यक्ष मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। किसानों ने धान खरीदी केंद्र पर तौल में गड़बड़ी, छलनी मारने के नाम पर अवैध वसूली तथा गाड़ियों से धान उतारने के लिए जबरन पैसे लिए जाने जैसी गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। किसानों की शिकायतों को सुनकर सांसद ने खरीदी केंद्र के संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों का किसी भी प्रकार से शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान सांसद चिंतामणि महराज ने संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर उन्हें तत्काल खरीदी केंद्र पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण करने, किसानों की परेशानियों को समझने तथा दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि किसानों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

- शिकायत के बाद पहुंचे थे निरीक्षण करने



## जशपुर मार्ग में कर रहे थे ग्राहक का इंतजार

# पैंगोलिन शल्क के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो कुसमी, बलरामपुर एवं जशपुर की संयुक्त टीम ने पैंगोलिन शल्क के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन विभाग की संयुक्त टीम ने जशपुर मार्ग स्थित बाबा चौक के पास दो आरोपियों को दो में रखे पैंगोलिन शल्क के साथ पकड़ा।

बनौरा बलरामपुर निवासी प्रभु सोनवानी पिता स्व.राम खेलावन सोनवानी (44वर्ष) एवं संतोषीनगर बलरामपुर निवासी निखिल सरकार पिता बिट्टू सरकार (43वर्ष) दो बैग में पैंगोलिन शल्क लेकर किसी का इंतजार कर रहे थे। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन अधिकारियों ने आरोपियों के बैग की तलाशी ली तो हरे एवं गुलाबी रंग के दो प्लास्टिक थैलों में पैंगोलिन शल्क मिला। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों ने गांव के विजय पिता वासुदेव (40वर्ष) एवं बसंत पिता जमुना (32वर्ष) के साथ कुछ समय पूर्व सीमावर्ती झारखण्ड के भण्डरिया जंगल में पेंगोलिन का शिकार किया था तथा विक्रय करने के लिए पैंगोलिन शल्क को संभालकर रखा था। हाल ही में एक व्यक्ति से पैंगोलिन शल्क का सौदा एक लाख में हुआ था। व्यक्ति सौदे की राशि देने के लिए बाबा चौक पर बुलाया था। वे पैंगोलिन शल्क को खपाने सौदा करने वाले व्यक्ति का इंतजार कर रहे थे कि वन अधिकारियों ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों की निशानदेही पर विभाग की टीम ने अन्य दो आरोपियों को भी उनके घर से गिरफ्तार किया। वन्य प्राणी अधिनियम 1972 की धारा 44, 49, 49बी, 51 के तहत गिरफ्तार चारों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

कार्रवाई में उपवन मण्डलाधिकारी रविशंकर लाल श्रीवास्तव, वन परिक्षेत्राधिकारी कालीराम, डिप्टी रेंजर जाफर हुसैन, वन रक्षक वनवीर नंदलाल कुजूर, विश्वनाथ भगत, वंदेश्वर राम सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित थे।



पैंगोलिन शल्क के साथ आरोपी।

# घर में सो रहे थे परिवार के सदस्य दो कमरों में हो गई चोरी

**अंबिकापुर।** शहर के जरहागढ़ स्थित एक मकान में लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। बड़ी बात तो यह है कि घर में लोगों की मौजूदगी के बाद भी चोर नगदी समेत लगभग 6 लाख रुपए के जेवर लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि जरहागढ़ महामाया वार्ड क्रमांक 37 निवासी यासमीन खातून अपने घर में सो रही थी। इस दौरान भोर में लगभग 5 बजे जब वह सोकर उठी और पानी पीने के लिए कमरे से आहार निकली तो निईचे उनकी जेठानी के कमरे का दरवाजा खुला मिला। ऐसे में जब उन्होंने कमरे में देखा तो अंदर रखी अलमारी टूटी हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने तत्काल अपने ससुर को घटना की जानकारी दी। महिला ने जब घर में उपरी मंजिल पर मौजूद ननद के कमरे में जाकर देखा तो वहां भी कमरे के अंदर आलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा पडा था। इसके बाद घर में हड़कंप मच गया। महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। फिलहाल की जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों कमरों की आलमारियों व उनकी तिजोरी को तोड़कर चोरों ने लगभग 50 हजार रुपए नगद व 5 से 6 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर की चोरी की है। बड़ी बात यह है कि घर में परिवार के शेष सदस्य मौजूद थे लेकिन उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लग पाई। अबतक यह पता नहीं चल पाया है कि चोर किस रास्ते से घर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है लेकिन उन्हें कोई सुराग नहीं मिल पाया है। थाना प्रभारी कोतवाली शशिकांत सिन्हा ने बताया कि इस मामले की जांच चल रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## खबर संक्षेप

### आज से खुलेंगे स्कूलों के पट

**बैकुण्ठपुर।** शीतकालीन अवकाश के बाद 29 दिसंबर से स्कूलों के पट खुल जाएंगे, इससे करीब एक सप्ताह से बंद स्कूलों फिर से गुलजार हो जाएंगे। जानकारी के अनुसार चालू शिक्षा सत्र में शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार 22 से 28 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश रहा, इसके बाद 29 दिसंबर से सभी स्कूल खुल जाएंगे।

### बोर्ड परीक्षाओं की समय-सारणी घोषित

**बैकुण्ठपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा 10 वीं 12 वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा का समय-सारणी जारी कर दिया है। जारी निर्देश के अनुसार हाईस्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा 21 फरवरी 2026 से शुरू होकर 13 मार्च 2026 को समाप्त हो जाएगी, वहीं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होकर 18 मार्च 2026 को समाप्त हो जाएगा। उक्त दोनों परीक्षाएं सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी।

### पंचायतों में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर में रविवार को हिंद सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इसमें आसपास की चार ग्राम पंचायतों बरबसपुर, सोनबरसा, उजियारपुर एवं लोहारी के हिंदू समाज के लोगों ने एकजुट होकर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, महिला-पुरूष काफी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने आपसी एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया। पूरे आयोजन का माहौल उत्साहपूर्ण और अनुशासित रहा। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकजुटता, परंपराओं के संरक्षण एवं आने वाली पीढ़ी को संस्कार देने पर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता मजबूत होती है और आपसी भाईचारा बढ़ता है।

### पंचायत सचिव तत्काल प्रभाव से निलंबित

**बलरामपुर।** कलेक्टर निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर राजेन्द्र कटारा 26 दिसम्बर को रामानुजगंज क्षेत्र के निरीक्षण पर थे। इस दौरान रामानुजगंज चेकपोस्ट में रामचंद्रपुर अंतर्गत विजयनगर ग्राम पंचायत सचिव सिद्धार्थ शंकर हालदार की ड्यूटी लगाई थी लेकिन कलेक्टर निरीक्षण के दौरान सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक पंचायत सचिव सिद्धार्थ शंकर हालदार अनुपस्थित पाए गए। पंचायत सचिव का यह कृत्य कार्य के प्रति उनकी घोर लापरवाही, उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। जो छ.ग. पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम तीन (1) (2) (3) के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिला पंचायत सीईओ द्वारा सिद्धार्थ शंकर हालदार उपरोक्त कृत्य हेतु छग पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1999 के नियम 4 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सिद्धार्थ शंकर हालदार का मुख्यालय जपं बलरामपुर नियत किया गया है।

### डॉ.नितेश ने हासिल किया गोल्ड मैडल

**अम्बिकापुर।** डॉ.नितेश दुबे ने सुपर स्वाइजेशन की परीक्षा उत्तीर्ण कर गोल्ड मेडल हासिल किया है। उन्होंने डीकेएमएस के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रहकर अध्ययन किया तथा फाइनल की परीक्षा में प्रथम स्थान अर्जित कर गोल्ड मेडल हासिल किया। एमबीबीएस करने के उपरांत उन्होंने सर्जरी में तीन वर्षीय डीएनबी पाठ्यक्रम की पढ़ाई पूरी की। लम्बे समय तक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अपनी सेवाएं देने के दौरान सुपर स्पेशलाइजेशन हेतु चयन होने पर वे डीके हॉस्पिटल रायपुर में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी की। न्यूरो सर्जरी के मामले में सरगुजांचल के एकमात्र चिकित्सक हैं तथा अब तक ब्रेन व स्पाइन की कई गंभीर सर्जरी कर चुके हैं। डॉ.नितेश ने बताया कि वे अब अम्बिकापुर में ही अपनी सेवाएं देंगे। शनिवार को परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत शहर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

## एक माह से खराब पड़े नल, प्रशासन से पहल की मांग

# बरबसपुर में पेयजल संकट, ग्रामीण परेशान



खराब हैंडपंप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

एमसीबी जिले के बरबसपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनबरसा व बरबसपुर के कई वार्डों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। बीते एक माह से अधिक समय से कई स्थानों पर नल खराब पड़े हुए हैं, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि नलों के खराब होने की सूचना कई बार संबंधित विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। अब तक न तो नलों की मरम्मत कराई गई है और न ही वैकल्पिक जल व्यवस्था की गई है। ग्राम पंचायत सोनबरसा के सरपंच द्वारा भी विभाग को अवगत कराया गया कि पंचायत के कई वार्डों में नल खराब हैं, जिन्हें जल्द सुधारने की आवश्यकता है। बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है। पेयजल संकट के कारण ग्रामीणों को दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द खराब नलों की मरम्मत कराकर जलापूर्ति बहाल कराने की मांग की है। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि नल खराब होने की सूचना कई बार संबंधित विभाग व पंचायत प्रतिनिधियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। न तो नलों की मरम्मत कराई गई और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। कई परिवारों को दूसरे मोहल्लों और हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। पानी की किल्लत से रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

### ग्रामीण रोजाना हो रहे परेशान

ग्राम पंचायत बरबसपुर में इन दिनों गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। गांव के कई वार्डों में पिछले एक माह से नल खराब पड़े हुए हैं, जिससे सैकड़ों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि पीने के पानी के लिए लोगों को दूर-दराज भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब नलों की मरम्मत कराकर नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए।

- एक माह से बंद पड़े कई वार्डों के नल
- सैकड़ों ग्रामीण पानी के लिए परेशान
- विभागीय लापरवाही से बढ़ा संकट
- महिलाओं व बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत
- ग्रामीणों ने प्रशासन से की त्वरित कार्रवाई की मांग

### डेंजर जोन बना पेंडारी घाट ओवरलोड ट्रक पलटा

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के पेंडारी घाट पर आए दिन हो रही दुर्घटना होने से अब लोग हादसों का डेंजर जोन कहने लगे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि यहां आए दिन होती है बावजूद इसके आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। आज पुनः पेंडारी घाट पर जहां रामानुजगंज से अंबिकापुर की ओर धान लोड ट्रक अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। गनीमत था कि वाहन सवार समय रहते वाहन से कूद कर अपनी जान बचा ली नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलजेड 6785 में क्षमता से अधिक धान लोड किया गया था। घाट की तीखी ढलान पर पहुंचते ही ट्रक का ब्रेक फेल हो गया जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा जिससे ट्रक सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि ट्रक चालक और क्लीनर ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली। दोनों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें स्थानीय स्तर पर उपचार दिया गया। यदि ट्रक घाट के मोड़ पर किसी अन्य वाहन या राहगीर से टकराता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही चंदौरा पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात बहाल कराया। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही ट्रक में लोड धान की भी जांच शुरू कर दी। यह पता लगाया जा रहा है कि धान वैध रूप से खरीदा गया है या नहीं। मंडी कट्टी हुई है अथवा अवैध परिवहन किया जा रहा था।

## सब स्टेशन से केबल वायर चोरी, जुर्म दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के झगराखाण्ड थाना क्षेत्र अंतर्गत सब स्टेशन कारखाना झगराखाण्ड में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़कर भीतर घुसते हुए कीमती केबल कॉपर वायर चोरी कर लिया। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक रामनिहोर पिता स्व. बाबूलाल उम्र 58 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 10 लेदरी, थाना झगराखाण्ड, वर्तमान में सुरक्षा प्रभारी, क्षेत्रीय मुख्यालय हसदेव में पदस्थ हैं।

- रात में दरवाजा तोड़कर घुसे चोर, 25-30 हजार की चोरी

उन्होंने थाना पहुंचकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में उल्लेख है कि उन्हें सुरक्षा कर्मी कृष्णा एवं कमलेश कुमार के माध्यम से जानकारी मिली कि सब स्टेशन कारखाना झगराखाण्ड में चोरी हुई है। जांच करने पर पाया गया कि सब स्टेशन का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसकर केबल कॉपर वायर काटकर चोरी कर ली गई है। बताया गया कि यह घटना 24 दिसंबर 2025 की रात की है। 25 दिसंबर की सुबह लगभग 6:30 बजे आरोपी विनय सिंह पिता समशेर सिंह निवासी झगराखाण्ड को सब स्टेशन वार्ड क्रमांक 13 के पास देखा गया। पूछताछ करने पर उसने अपने साथी योगेश यादव के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। चोरी गए केबल वायर की कीमत लगभग 25 से 30 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 3 (5), 303 (2), 331 (4) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है: अंकित




हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

हसदेव मंडल अंतर्गत नगर पंचायत खोंगापानी में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश एवं जिला स्तर के नवनियुक्त पदाधिकारियों का युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री कोमल पटेल एवं जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा का ढोल-नगाड़ों, पटाखों एवं जयघोष के साथ स्वागत किया गया।

- खोंगापानी में युवा मोर्चा ने किया आयोजन

यह कार्यक्रम भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिलीप सेन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। स्वागत समारोह में भाजपा एवं युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा ने कहा कि युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है और आने वाले समय में युवाओं की शक्ति के बल पर भाजपा को और अधिक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री कोमल पटेल ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और समर्पण से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। भाजपा हसदेव मंडल महामंत्री भगवान दास ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनियुक्त पदाधिकारियों के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

वहीं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने कहा कि युवा मोर्चा ने सदैव पार्टी के लिए संघर्ष किया है और आज का यह उत्साह भविष्य की सफलता का संकेत है। इस स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, हसदेव मंडल महामंत्री भगवान दास, जितेन्द्र प्रताप सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जलील शाह, पार्षद इरशाद अहमद, नागपुर मंडल अध्यक्ष राहुल जायसवाल, मनेन्द्रगढ़ मंडल अध्यक्ष आदित्य अग्रवाल, महामंत्री अनिल शर्मा, शिव देवांगन, दीपक यादव, आशुतोष पाण्डे, अज्जू, अनीश सिंह, राजनाथ राय, महेश चक्रधारी, सत्यम राय, सत्यम शुक्ला, अशोक केवट, शिवम गौतम, सूरज चौधरी, अजीत बड़ात्या, चंदन सिंह, सतीश केवट, विजेन्द्र चौधरी सहित काफी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पिलर गिरने से महिला की मौत

**पटना।** जिले के पटना थाना अंतर्गत सांवारावां गांव में रविवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। गांव स्थित गायत्री मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान भारी पिलर गिरने से एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब 11 बजे काजल देवांगन नामक महिला मंदिर में पूजा करने पहुंची थीं। पूजा समाप्त कर जैसे ही वह बाहर निकल रही थीं, उसी समय निर्माणाधीन मंदिर का भारी पिलर अचानक भरभराकर गिर पड़ा और वह उसके नीचे दब गइं। पिलर इतना भारी था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल मलबा हटाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हादसे की खबर फैलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# घने कोहरे को लेकर पुलिस ने लोगों को किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



एमसीबी जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों लगातार घना कोहरा पड़ रहा है, जिससे सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो गई है। ऐसी स्थिति में सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला पुलिस द्वारा आम नागरिकों और वाहन चालकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

- कोहरे से सड़क पर दृश्यता हुई कम

पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने जिलेवासियों को जागरूक करते हुए कहा कि कोहरे के कारण वाहन चालकों को सामने की वस्तुएं समय पर दिखाई नहीं देतीं, जिससे दुर्घटनाएं होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी और यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने अपील करते हुए बताया कि वाहन चालकों को हमेशा एज लाइन से सुरक्षित दूरी बनाकर वाहन चलाना चाहिए। लेन अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और सेंटर लाइन पार करने और अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचना चाहिए। वाहन की गति नियंत्रित रखते हुए उतनी ही रफ्तार रखें जितनी दूरी तक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हो। उन्होंने विशेष रूप से पहाड़ी और घुमावदार सड़कों पर वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी। घने कोहरे की स्थिति में फॉग लाइट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, वाहन के शीशों पर धुंध जमने से बचाव के लिए आवश्यकतानुसार एसी या डिफॉगर का प्रयोग करने की बात कही, ताकि चालक को सामने का मार्ग स्पष्ट दिखाई देता रहे। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सूर्योदय से पहले और धूप निकलने तक अनावश्यक यात्रा से बचना चाहिए। अत्यावश्यक स्थिति में ही यात्रा करें और वाहन चलाते समय पूरी सतर्कता बरतें। जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरो की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

यातायात नियमों का पालन कर ही सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। एमसीबी जिला पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है और सुरक्षित, सुव्यवस्थित और दुर्घटनारहित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## रविशंकर पुनः बने रजवार समाज के जिलाध्यक्ष

**बैकुण्ठपुर।** रजवार समाज जिला कोरिया की जिला इकाई का गठन करते हुए सर्वसम्मति से रविशंकर राजवाड़े को एक बार फिर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके पुनः जिलाध्यक्ष चुने जाने पर समाज के लोगों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।



समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजन ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि श्री राजवाड़े के कार्यकाल में समाज को नई दिशा और मजबूती मिली है। उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए पुनः यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर समाज के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

हरिभूमि से चर्चा करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री राजवाड़े ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक उत्थान और संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# आज से कार्यालयों में तीन दिन तक कामकाज रहेंगे प्रभावित

**बैकुण्ठपुर।** छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय काम बंद कलम बंद हड़ताल किया जाएगा,इससे कार्यालयों में कामकाज प्रभावित होने का अनुमान है। फेडरेशन ने आरोप लगाया है कि मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं को अब तक लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। प्रदेश में लगभग 4 लाख 50 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं, इनमें से करीब 4 लाख 10 हजार नियमित कर्मचारी हैं। फेडरेशन के अनुसार कर्मचारियों को अब तक महंगाई भत्ता (डीए) एवं डीए एरियर्स का लाभ नहीं दिया गया है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। फेडरेशन अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार सरकार से बातचीत की कोशिश कर चुका है, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसी कारण आंदोलन का रास्ता अपनाया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला संयोजक डॉ.आरएस चंदे ने बताया कि अब आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। आंदोलन के प्रथम दिवस 29 दिसंबर की सुबह 10 से शाम 4 बजे तक प्रेमाबाग धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन, द्वितीय दिवस 30 दिसंबर को धरना उपरांत दोपहर 2 बजे मशाल रैली का आयोजन, घड़ी चौक पहुंचकर ब्लॉक स्तर से एसडीएम को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। तृतीय दिवस 31 दिसंबर को दोपहर बाद बाइक रैली के माध्यम से जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी का आयोजन

# स्थापना दिवस पर लोकतंत्र व संविधान की रक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने 140 वें गौरवशाली स्थापना दिवस के अवसर पर लोकतंत्र, संविधान और जनहित के मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया। जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना दिवस केअवसर पर समस्त कांग्रेसियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं और यह संकल्प लिया गया कि लोकतंत्र, संविधान और जनहित के मूल्यों के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता हमेशा अटूट रहेगी।

केन्द्र की मोदी सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज देश का संविधान और लोकतंत्र गंभीर खतरे में है तथा संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में जनता के अधिकार छीने जा रहे हैं और जल, जंगल, जमीन पर संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हसदेव के जंगलों की कटाई और अरावली पर्वतमाला के दोहन से पर्यावरण और आदिवासी जीवनशैली पर गहरा आघात पहुंच रहा है। कांग्रेस वक्ताओं ने याद दिलाया कि कांग्रेस ने वर्ष 1931 में मौलिक अधिकारों का जो प्रारूप प्रस्तुत किया था, वहीं आगे चलकर भारतीय संविधान का अभिन्न हिस्सा बना। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में आरटीआई, आरटीई, खाद्य सुरक्षा, मनरेगा, वन अधिकार कानून और भूमि अधिग्रहण जैसे ऐतिहासिक कानून बने, जिनकी सराहना देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ने की। इस अवसर पर राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस की विचारधारा, आजादी के आंदोलन से लेकर राष्ट्र निर्माण तक पार्टी के योगदान पर प्रकाश डाला गया। वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि देश की आजादी, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की मजबूत विचारधारा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा में सदैव अग्रणी रही है और आगे भी संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, प्रदेश संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ मुख्तार अहमद, बंशगोपाल, संगीता राजवाड़े, चांदनी सोनी, राजीव गुप्ता, भूपेन्द्र यादव, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, शैलेन्द्र सिंह, विकाश श्रीवास्तव, सुरेन्द्र तिवारी, रवि राजवाड़े, धीरज सिंह, जाग्रीत कुर्रे, रियाजउद्दीन, एसएन मोदी, वसीम अधिवक्त्सा, फरोग सिदकी, वसीम, मोहेलाल राजवाड़े, रामसाय सोरी, बसंत सिंह, सुरेन्द्र कुमार, मनीष सिंह, लवी गुप्ता, अर्पित गुप्ता, फैजान, मकबूल खान, सुनील चौधरी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### किसान मोर्चा ने उमझर में सुनी पीएम के मन की बात

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 129 वां संस्करण ग्राम पंचायत उमझर, बूथ क्रमांक 5 में किसानों के साथ सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रेवा यादव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश्वर रजक, मंडल अध्यक्ष मैनेजर राजवाड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल राजवाड़े, पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, किसान मोर्चा जिला महामंत्री शिवचरण साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र साहू, बचारापोड़ी मंडल महामंत्री दिनेश साहू, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप साहू, जिला उपाध्यक्ष जगदीश सिंह, किसान मोर्चा जिला मंत्री गोरेलाल यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवप्रसाद राजवाड़े सहित काफी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं किसान भाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा किसानों, कृषि विकास, आत्मनिर्भर भारत एवं ग्रामीण उत्थान से जुड़े विषयों पर दिए गए संदेशों को सभी ने गंभीरता से सुना। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार किसानों को प्रेरणा देने वाले हैं और देश के विकास की दिशा को मजबूत करते हैं।



## युवराज का पैतृक ग्राम चुकान में स्वागत

**अनूपपुर।** देश सेवा के प्रति जज्बा और समाज में शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से ग्राम चुकान में एक गौरवशाली गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया।

महरा समिति चुकान के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जहां भारतीय सेना के अग्निवीर युवराज चंद्रा का नागरिक अभिनंदन किया गया, वहीं समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वर्तमान में अमृतसर (पंजाब) में पदस्थ भारतीय सेना के अग्निवीर युवराज चंद्रा के गृहग्राम आगमन पर ग्रामीणों ने उनका पलक-पावड़े बिछाकर स्वागत किया। समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और वीर जवान अमर रहे के नारों से गुंजायमान हो उठा। वक्ताओं ने युवराज की सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के होनहारों को मंच प्रदान किया गया। सत्र 2024-25 की 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन अंकों के साथ सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महरा समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा और देशसेवा, समाज की प्रगति के दो सबसे मजबूत स्तंभ हैं, जहां एक ओर युवराज जैसे वीर सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, वहीं ये मेधावी छात्र भविष्य के विकसित भारत की नींव रख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम चुकान में युवाओं के बीच सेना और सुरक्षा बलों के प्रति जबरदस्त आकर्षण है। इसी गांव और समाज का एक युवक बीते वर्ष ही पैरामिलिट्री फोर्स में चयनित हुआ था।

## खबर संक्षेप



### डीएमएफ मद से लगे नलकूप का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सलका अघिना।** विकासखंड भैयाथान के ग्राम पंचायत टइयां में कृषक सहदेव के खेत में कूप निर्माण एवं नलकूप खनन का कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा निरीक्षण किया गया। कृषक द्वारा लगाए गए सरसों एवं आलू फसल को देखा एवं किसान द्वारा किए जा रहे मेहनत की सराहना की। वित्तीय वर्ष 2024 25 में डीएमएफ मद से हैंडपंप खनन स्वीकृत हुआ था जिसका लाभ शत प्रतिशत किसानों को मिल रहा है कि नहीं सभी शर्तों का पालन हो रहा है, पारदर्शिता नियमों के पालन और किसानों को बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने के लिए किया गया। किसी भी तरह की अनियमितता न हो इसकी जांच करने के लिए कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत टइयां में पहुंच कृषक एवं ग्रामीणों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती चांदनी कंवर, उप संचालक कृषि संपदा पैकरा, कृषि विकास अधिकारी मनीष शर्मा, कृषि विकास अधिकारी लक्ष्मीकांत कुशवाहा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गिरीश चंद कुशवाहा एवं कृषक सिद्धनाथ एवं सहदेव उपस्थित थे।

### मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में दोनों के विरूद्ध मामला दर्ज

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मारपीट के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दोनों पक्ष के विरूद्ध काउंटर अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार फसल कटाई के विवाद में 25 दिसम्बर को दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में ग्राम भरतपुर निवासी आत्मा बाई पति रामराज राजवाड़े ने ग्राम कोरजा निवासी कैलाश, सीताराम, भोला, हीरामनी, रवि सूर्या के विरूद्ध मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। मामले में दूसरे पक्ष की ग्राम कोरजा खालपारा निवासी हीरामनी राजवाड़े पति स्व.नंदलाल राजवाड़े ने आत्माबाई राजवाड़े, निलेश राजवाड़े के विरूद्ध मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है दूसरी घटना ग्राम कंचनपुर की है जहां अन्नप्राशन संस्कार के दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों ने एक-दूसरे से जमकर मारपीट की। मामले में कंचनपुर निवासी चंद्रशेखर राजवाड़े आ.अमेलाल राजवाड़े ने 24 दिसम्बर की रात 9 बजे गांव के ही राम अवतार राजवाड़े, भास्कर राजवाड़े, पुनित राजवाड़े वहीं दूसरे पक्ष के राम अवतार राजवाड़े आ.पुनित राजवाड़े ने चंद्रशेखर राजवाड़े के विरूद्ध मारपीट करने मामला दर्ज कराया है। पुलिस दो प्रकरणों की जांच कर रही है।

### मर्ग जांच के बाद पुलिस ने मौत के मामले में दर्ज किया अपराध

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर जिले के बसंतपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम ककनेशा निवासी 37 वर्षीय सुरेन्द्र सिंह श्यामले आ. पंचूरम श्यामले ग्राम कोटराही में सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गया था। घायल युवक को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया था। परिजन दवरा युवक को 15 जुलाई को डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भरत कराया गया था जहां 16 जुलाई को उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग जांच की जा रही थी और मर्ग जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की घारा 106(1), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

#### हर रोज हो रही कोयला चोरी की घटना

# ठंड बढ़ते ही गायत्री खदान में कोयला चोर गिरोह हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ठंड बढ़ते ही एक बार फिर गायत्री खदान कोयला चोर गिरोह सक्रिय हो गए है जो रोजाना बड़ी मात्रा में कोयला चोरी कर आसपास क्षेत्र के गमला व ईट भट्ठे में चोरी का कोयला खपा रहे है। जिस तरह से गायत्री खदान से हर रोज तीन हजार टन से ऊपर कोयला उत्पादन कर रही है ठीक उसी प्रकार कोल माफिया सक्रिय होकर बड़ी मात्रा में कोयला चोरी कराकर अवैध रूप से कमाई कर रहे है ,जो प्रबंधन की उदासीन सुरक्षा व्यवस्था को प्रदर्शित करता है।

**खास बात**

- बाइक से खपा रहे ईट भट्ठों में खपा रहे चोरी का कोयला

जानकारी के मुताबिक एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री खदान से कोयला चोरी रुकने का नाम नहीं ले रहा है बल्कि बरसात के बाद जैसे ही ठंड बढ़ी वैसे ही कोयला चोरी की घटना काफी बढ़ गई है। रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग खदान परिसर में रखे कोयला को उठा ले जा रहे है और बाउंड्री के बाहर निकलते ही चोरी का कोयला को व्यापारियों के पास मामूली दरों में बेच दे रहे है । इस प्रकार रोजाना कितना टन कोयला चोरी हो रहा है इसका भी हिसाब प्रबंधन के पास नहीं है। वही कोयला चोरी के आगे एसईसीएल प्रबंधन थकी हारी नजर आ रही है। सुरक्षा के नाम पर एसईसीएल प्रबंधन अपनी हर हथकंडे अपना चुकी है बावजूद इसके वर्तमान में मुस्तैदी के बाद भी खदान का कोयला चोरी को रोकने में असफल रही है। शाम होते ही बाइक से दूर दराज के लोग पांच छह बोरी प्रति बाइक में कोयला लोड करके रोजाना ओवर स्पीड से मानी चौंक होते हुए ठिकाने पर पहुंचा देते है। जबकि कुछ लोग जंगल में कोयला स्टोर करने के बाद अन्य वाहन से कोयला तस्करी को अंजाम दे रहे है । इसके बावजूद न तो पुलिस प्रशासन और न ही खदान प्रबंधक कोयला चोरी पर अंकुश लगाने में सफल नहीं हो सकी है। किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर कोयला चोरों के हौसले बुलंद हो गए है जो हर दिन कोयला चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है।



कोयला चोरी करते ग्रामीण।

**दो से तीन रुपए किलो बेचते हैं कोयला**

क्षेत्र में कोयला का अवैध कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है। कोयला तस्कर ग्रामीणों से मामूली दरों में कोयला खरीदने के बाद रात के समय ट्रक या ट्रेलर वाहन से कोयला ऊंची दामों में बेची जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि आज तक पुलिस अनजान बनी हुई है जबकि लंबे समय से कोयला का अवैध कारोबार क्षेत्र में संचालित है। इसके अलावा आसपास क्षेत्र के ईंट भट्ठा संचालक ईंट जलाने के लिए गांव के बेरोजगार युवकों को चंद पैसों का लालच है। ऐसे में युवक रुपए के लालच में खदान से कोयला निकलते और बाइक से चोरी का कोयला को परिवहन कर महज दो से तीन रुपए प्रति किलो की दर से बेच देते है।

**ईंट भट्ठा मालिकों की सेटिंग**

ईंट भट्ठा संचालक चोरी का कोयला खरीदने उपरांत फर्जी कागजात बनवाकर एक नंबर का कोयला शो कर देते है जो जांच का विषय है। सूत्रों की माने तो भट्ठे में स्टॉक किया गया कोयला किसी और खदान का होता है और उसका फर्जी बिल पर्ची किसी और खदान से बनता है। कभी गलती से पुलिस किसी भट्ठे में छापा मार कार्रवाई कर कोयला बरामद करती है तो अधिकारी कोयले का क्वालिटी बिना चेक के बाद फर्जी कागज रीजनल मानते हुए यथावत छोड़ कार्रवाई रोक लेते है। ऐसे में ईट भट्ठा संचालक बेफिक्र होकर चोरी का कोयला खरीदारी करने से पीछे नहीं हटते है।

**की गई जवानों की मांग**

रात के समय बड़ी संख्या में कोयला चोर पहुंच रहे है और खदान से कोयला निकाल रहे है। रात्रि में सुरक्षा के लिए त्रिपुरा जवान की मांग की गई है जिससे कोयला चोरी बंद हो सके। दो दिन बाद सुरक्षा जवानों की आने की संभावना है।

-जेडी सिंह
गायत्री खदान प्रबंधक



# चिंता की बात नहीं है सभी किसानों का खरीदा जाएगा धान : रामकिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

सहकारी मर्यादित समिति के अध्यक्ष रामकिशन सिंह धान उपार्जन केंद्र उदयपुर, सलका, डांडगांव, अमेरा, लहपटरा, लखनपुर के धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर अध्यक्ष रामकिशुन सिंह ने खरीदी केंद्रों में धान बेचने आए किसानों से संवाद कर केंद्र की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने केंद्रों में बारदाना उपलब्धता, डीओ की स्थिति, टोकन व्यवस्था, उठाव सहित संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली।

- सहकारी समिति के अध्यक्ष ने 8 समितियों का किया औचक निरीक्षण

समितियों में किसानों से चर्चा करते हुए कहा समिति प्रबंधक से धान की खरीदी और बैंक मैनेजर से पैसे की लेनदेन में परेशानी होने पर अपना मोबाइल नंबर देकर समस्या बताएं समस्या पर तत्काल निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा विष्णु देवसाय की सरकार हर रूप से किसानों के हित में प्रतिबद्ध है। चिंता करने की बात नहीं है सभी किसानों की धान खरीदी जाएगी। समितियों में खरीदी गई धान की उठाव जल्द ही किया जाएगा। किसानों को पैसे के लिए चिंता करने की बात नहीं है, धान बेचने के बाद प्रतिदिन माइक्रो एटीएम से 10 हजार और एटीएम से 40 हजार और बैंक में ड्रावल से 49 हजार तक एक दिन में एक लाख रुपए तक पैसा मिल सकेगा। किसानों से बातचीत के बाद उदयपुर व डांडगांव में समिति प्रबंधक व बैंक मैनेजर की कार्यशैली पर सराहना की। डांडगांव समिति के कर्मचारी कृष्ण कुमार ने वेतनमान बढ़ाने की मांग की जिस पर अध्यक्ष ने आश्वासन दिया। सहकारी बैंक उदयपुर एनएच 130 के किनारे होने पर किसानों ने दुर्घटना को लेकर चिंता जाहिर करते हुए अन्य स्थान पर बैंक संचालित करने की मांग रखी। वहीं डांडगांव समिति की भवन जर्जर होने पर नवीन भवन बनाए जाने की मांग रखी गई। इस मौके पर बैंक मैनेजर विक्की गुप्ता सहित समिति के प्रबंधक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# जयंती पर याद किए गए अटल बिहारी बाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज




भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर जिला मुख्यालय में अटल परिसर में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं उनके प्रेरक व्यक्तित्व और राष्ट्रभक्ति को नमन किया।

जिलाध्यक्ष ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी प्रखर वक्ता एवं राष्ट्रवादी कवि व अजातशत्रु जननेता थे। छत्तीसगढ़ निर्माता अटल का जीवन सुशासन, राष्ट्रसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों की अमिट मिसाल है। उनकी वाणी का ओज, विचारों की गहराई और लोकतंत्र के प्रति उनकी अटूट आस्था हम सबके लिए हमेशा पथप्रदर्शक बनी रहेगी। इस दौरान भानु प्रकाश दीक्षित, लोधी राम एक्का, मुकेश गुप्ता, गौतम सिंह, अजय यादव, मंगलम पांडे, प्रवीण गुप्ता, विजय प्रताप सिंह, गुरदेव सिंह, रजनी सोनी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जयंती पर अटल चौक में मनाया गया सुशासन दिवस

पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर वार्ड क्रमांक 1 स्थित अटल चौक में नगर पालिका परिषद द्वारा अटल जयंती का आयोजन कर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक महान राजनेता ही नहीं, बल्कि सुशासन, संवेदनशीलता और विकास के प्रतीक थे। उनके नेतृत्व में देश ने विकास की नई दिशा पाई। आज भी उनके विचार हम सभी जनप्रतिनिधियों के लिए मार्गदर्शक हैं। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आरके पटेल, भाजपा नेता कन्हैया लाल अग्रवाल, अरुण केसरी, शर्मिला गुप्ता, रामसेवक गुप्ता, सुभाष केसरी, विमलेश सिंह, नपा उपाध्यक्ष शीला जायसवाल, शैलेश गुप्ता, सुमित गुप्ता, विजय रावत, विकास गुप्ता, अर्जुन दास, रमेश गुप्ता, उषा गुप्ता, पवन गुप्ता, एसपी निगम, अशोक जैन, अजय केसरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



# धूमधाम से मनाया गया महामना का जन्म दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



महामना की प्रतिमा के पास मिशन के सदस्य।

महामना मालवीय मिशन द्वारा भारत रत्न पं.मदनमोहन मालवीय का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मालवीय पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात गांधी स्टेडियम में नवनिर्मित मालवीय भवन में विचार गोष्ठी की गई।

आईपीएस राहुल बंसल ने कहा कि मालवीय जी का जीवन दर्शन भारतीय मूल्यों का परिचायक है। उनकी दिनचर्या का अध्ययन करने पर दार्शनिक भाव का बोध होता है। वे कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ ही कुशल बैरिस्टर, समाजसेवी, शिक्षाविद्, साहित्यकार एवं समाज सुधारक थे। संरक्षक हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि मालवीय जी का जीवनदर्शन आज भी प्रासंगिक है। उनके कार्य और विचारों को सम्पूर्ण विश्व मानता है। डॉ.जीडी सिंह ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व में महामना की उपाधि प्राप्त करने वाले एकमात्र महापुरूष पं.मदनमोहन मालवीय है। मिशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ.डीएन द्विवेदी ने कहा कि कर्मयोग का सच्चा और सही उदाहरण देखना हो तो मालवीय जी का जीवन दर्शन पढ़े। डॉ.एसके श्रीवास्तव ने कहा कि समाजसेवा से लेकर राजनीति तक का सफर मालवीय ने किया किन्तु कभी पद और वैभव की लालसा नहीं की। गीता उनका प्रिय ग्रंथ रहा। सादा जीवन उच्च विचार का आदर्श मालवीय जी के जीवन में स्पष्ट झलकता है। डॉ.वीके सिंह ने कहा कि मालवीय जी का स्वभाव अत्यंत सरल था। साधारण से साधारण व्यक्ति उनसे मिलकर बातें कर लेता था। डॉ.एसके पाण्डेय ने महामना को कुशल अधिवक्ता के रूप में रेखांकित किया। प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि मालवीय जी का आदर्श हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। पंडित रामनारायण शर्मा ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा कुमारी रोशनी केरकेट्टा को शाल श्रीफल एवं प्रोत्साहन राशि भेंट कर तथा उनकी माता श्रीमती सोनामनी केरकेट्टा को बेस्ट पेरेंटिंग के लिए सम्मानित किया गया। रोशनी केरकेट्टा ने अपना अनुभव साझा किया। द्वितीय सत्र में कवि गोष्ठी हुई जिसमें एसडीओ श्याम बिहारी पांडेय, अम्बरीष कश्यप, श्रीमती आशा पाण्डेय, मुकुन्द लाल साहू, अजय श्रीवास्तव, जय गुप्ता आदि ने अपनी कविताएं सुनाई। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश कश्यप तथा आभार प्रदर्शन रणविजय सिंह तोमर ने किया। इस दौरान सुरेन्द्र गुप्ता, दुर्गा प्रसाद तिवारी, राजकुमार गुप्ता, आरएन अवस्थी, मृगेन्द्र सिंहदेव, हरिशंकर सिंह, मुकेश गोस्वामी, अंजनी कुमार पाण्डेय, सच्चिदानंद पांडेय, अशोक सोनकर, राज नारायण द्विवेदी उपस्थित थे।

# जिला जेल में अव्यवस्थाओं को लेकर छग सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष बसंत कुजूर ने जिला जेल रामानुजगंज में व्याप्त समस्याओं को लेकर शासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए जेल अधीक्षक के लिए वाहन तथा कैदियों के उपचार हेतु अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है।



उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला जेल में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है, जिसके कारण न केवल जेल प्रशासन बल्कि कैदियों को भी गंभीर असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। श्री कुजूर ने बताया कि जिला जेल रामानुजगंज की स्वीकृत क्षमता मात्र 313 कैदियों की है, जबकि वर्तमान में यहां लगभग 475 से अधिक कैदी निरुद्ध हैं। क्षमता से कहीं अधिक कैदियों की मौजूदगी के कारण आवास, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सुरक्षा जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इतनी अधिक संख्या में कैदियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने बताया कि जेल में अक्सर कैदी बीमार पड़ते रहते हैं, लेकिन वर्तमान में केवल एक कंडम गाड़ी उपलब्ध होने के कारण उन्हें अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी होती है। कई बार आपात स्थिति में समय पर इलाज न मिल पाने का खतरा बना रहता है।

उन्होंने जेल अधीक्षक एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए अलग से वाहन की व्यवस्था होने की बात कही जिससे निरीक्षण, न्यायालयीन कार्य एवं अन्य प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन सुचारू रूप से किया जा सके।




























## खबर संक्षेप



### विश्वनाथ मनियन ने विद्यार्थियों के लिए की देहदान की घोषणा

**अम्बिकापुर।** देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग में विश्वनाथ मनियन ने विद्यार्थियों के लिए देहदान करने की घोषणा की तथा इसकी औपचारिकताएं पूरी की। चोपड़ापारा निवासी श्री मनियन सरगुजा फुटबॉल के जाने पहचाने चेहरे हैं और युवा खिलाड़ियों के प्रेरणा स्त्रोत है। उनकी घोषणा से खिलाड़ियों एवं आमजनों में शरीर दान के प्रति सकारात्मक सोच बनेगी। मनियन के इस कदम के लिये विधायक प्रबोध मिंज, रामबहादुर लाम्बा, विकास सिंह, चन्ना राव, सरोज वैष्णव, शेष रतन जायसवाल, विश्वास तिवारी, सुजित जायसवाल, अनीश अंसारी ने उनकी सराहना की है।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की तीन दिवसीय हड़ताल आज से



**अम्बिकापुर।** कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन प्रांतीय संगठन के आह्वान पर 29 दिसम्बर से 3 दिवसीय काम बंद कलम बंद हड़ताल पर रहेगा तथा एसबीआई कलेक्ट्रेट शाखा के सामने सुबह 11 से 4 बजे तक धरना प्रदर्शन करेगा। संगठन मोदी की गारंटी के तहत महंगाई भत्ता व केंद्र के समान महंगाई भत्ता, अनुकम्पा नियुक्ति में 10 फीसदी सीलिंग का शीतलीकरण चार स्तरीय वेतनमान कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य लंबित मांगों को पूरा करने की मांग लेकर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। हड़ताल को लेकर कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी लगातार विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण कर अधिकारी-कर्मचारियों को हड़ताल में भागीदारी करने के लिए संपर्क कर रहे हैं। कर्मचारियों की हड़ताल से सभी शासकीय कार्यों के प्रभावित रहने की संभावना जताई जा रही है।

### डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए बीएड ब्रिज कोर्स की मांग

**वाड्रफनगर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक परिषद के अध्यक्ष शिक्षा सचिव छत्तीसगढ़, एससीईआरटी संचालक एवं लोक शिक्षण संचानालय को पत्र लिखकर शिक्षकों के प्रमोशन के लिए डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स कराने की मांग की है। स्कूल शिक्षा सेवा द्वारा व्याख्याता पदोन्नति हेतु प्रशिक्षित स्नातकोत्तर का प्रावधान किया गया था लेकिन एनसीटीई के प्रावधान के आधार पर उच्चतम न्यायालय के निर्देशन पर केवल बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है। इससे हजारों डीएड प्रशिक्षित शिक्षक पदोन्नति से वंचित है। एसोसिएशन के रामचंद्रपुर ब्लॉक अध्यक्ष अंचल यादव एवं सचिव रमन गुप्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ के हजारों डीएड, डीपीई, प्रशिक्षित शिक्षक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में कार्यरत हैं तथा इनकी पदोन्नति के लिए बीएड अनिवार्य किया गया है। टीचर्स एसोसिएशन ने प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्तर पर नियुक्त डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए 6 माह का बीएड ब्रिज कोर्स प्रारंभ करने की मांग की है।

### परिवहन विभाग ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**सूरजपुर।** परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को नगण्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अभियान सिटी कोतवाली के समीप चलाया। इस महती कार्य में डेंजर्स एडवेंचर अंतर्वेद स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट जर्नी संस्था के सदस्य भी परिवहन विभाग के साथ थे। परिवहन विभाग व डेंजर्स एडवेंचर्स अंतर्वेद स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट जर्नी संस्था ने साथ मिलकर सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के लिए किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह आवश्यक है यह संदेश सड़क पर यातायात करने वाले लोगों को दिया। टीम ने शनिवार को परिवहन विभाग के सहयोग से शहर के विभिन्न मार्गों पर सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था के सदस्य जितेंद्र प्रताप एवं अन्य सदस्यों ने परिवहन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी के साथ मिलकर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया। अभियान के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए बिना हेलमेट, लाइसेंस, सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों, तीन सवारी वालों और लापरवाही से गाड़ी चलाने वालों को रोककर नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। उन्हें यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। वहीं यातायात नियमों का सजगता से पालन करने वाले नागरिकों को पुष्पगुच्छ और चॉकलेट देकर सम्मानित किया गया।



## निधन

### तारा देवी



**अंबिकापुर।** शहर के बिलासपुर चौक समीप निवासी श्रीमती तारा देवी का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उन्होंने शनिवार की रात करीब 8 बजे घर में अंतिम सांस ली। स्व. तारा देवी स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत हुई थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय गंगापुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि कनिष्ठ पुत्र सौरभ वर्मा ने दी। वे अपने पिछले तीन पुत्र संकल्प वर्मा, शुभम वर्मा, सौरभ वर्मा, एक पुत्री, नाती, पोता सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पर्यटन स्थलों पर उत्सव जैसा माहौल

# पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से गुलजार हुआ मैनपाट, पहुंच रहे दूर-दूर के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दिसम्बर के अंतिम दिनों में छत्तीसगढ़ का शिमला मैनपाट पर्यटकों से गुलजार है। पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की विभिन्न गतिविधियों से उत्सव जैसा माहौल है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार मैनपाट में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है।

**खास बात**
- पर्यटकों को पसंद आ रहे खुले आसमान के नीचे बने कैंप

अपनी प्राकृतिक सुन्दरता, आकर्षक झरनों एवं दिसम्बर में पड़ने वाली भीषण ठंड के लिए मैनपाट की अलग पहचान है। अपनी विशेषताओं के कारण मैनपाट पर्यटन के क्षेत्र में लगातार विकास कर रहा है। हर साल दिसम्बर में कड़ाके की ठंड का आनंद उठाने बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। वहीं ठंड की छुट्टियों में दूर के पर्यटक परिवार सहित आते हैं इस बार नवम्बर की शुरूआत में ही शीतलहर के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो गई थी जो अब तक जारी है। स्कूलों की छुट्टियां होने के बाद पर्यटकों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मैनपाट में पर्यटन विकास की दृष्टि से इसे अच्छा माना जा रहा है। शासन द्वारा पर्यटन क्षेत्रों का विकास, नए पर्यटन स्थलों की खोज एवं पर्यटकों की सुविधाओं का विकास करने पर पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि होने के साथ ही स्थानीय स्तर पर नए-नए रोजगार के साधन विकसित होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। पर्यटकों को मैनपाट का टाइगर प्वाइंट, फिश प्वाइंट, मेहता प्वाइंट, दलदली, उल्टापानी, पटपरिया सनसेट व्यू एवं तिब्बती कैंप व तिब्बतीयों के धर्मस्थल आकर्षित कर रहे हैं। दलदली व उल्टापानी पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बन गया है।

मैनपाट में बहुतायात में होने वाली टाऊ की फसल पर्यटकों को भा रही है। पर्यटक टाऊ की फसल के बीच फोटो खिंचवाने के साथ बाजार के टाऊ की खरीदी भी कर रहे हैं।



दलदली में पर्यटकों की भीड़।

### पसंद आ रहे कैंप

मैनपाट में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से होटल व्यवसाय की संभावनाएं बढ़ी है। आधा दर्जन से अधिक बड़े होटल भी खुले हैं। स्थानीय युवाओं ने पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए पर्यटन स्थलों सहित अन्य स्थलों की व्यवस्था की है। प्राकृतिक वातावरण के बीच इन कैंपों में रात बिताना पर्यटकों को भा रहा है। स्थानीय युवाओं द्वारा कम बजट में मेहता पाइंट , आमगांव, पटपरिया सहित अन्य स्थानों पर कैंप की व्यवस्था की गई है। कैंपों को आकर्षक तरीके से सजाने के साथ ही विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। क्षेत्र में होम स्टे की सुविधा नए व्यवस्था का रूप ले रही है।

### साहसिक खेलों का ले रहे आनंद

पर्यटकों के मनोरंजन के लिए युवाओं द्वारा रात में अलाव की रोशनी के बीच गीत संगीत एवं नृत्य का मनोरम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पर्यटक पैराग्लाइडिंग एवं पैरा सेलिंग का भी लुत्फ उठा रहे है। कुदारीडीह में पैरासेलिंग जबकि केसरा में पैराग्लाइडिंग की सुविधा शुरू की गई है। मैनपाट में साहसिक खेलों एवं स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा देकर बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। रोजगार की दृष्टि से नौका विहार, घुड़सवारी अन्य साहसिक खेल, कैंपिंग, ग्रामीणों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पाद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। मैनपाट की पहाड़ियों में कई गुफाएं हैं जिन्हे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर पर्यटकों को आकर्षित कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है।



# पीएम आवास योजना में लापरवाही पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जनपद पंचायत सभाकक्ष में शनिवार को जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, विकसित भारत जी राम जी (मनरेगा), पेंशन योजना तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति सहित अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की गई।

- जिपं सीईओ ने दिए नोटिस जारी करने के निर्देश

समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत भेण्डरी, नवकी, पकराड़ी, कुन्दीकला, शिवपुर, बदौली, बधिमा, महंगई, उफिया, तोनी, कोदौरा, घोरघड़ी, रेवतपुर, खोखनियां, लाउ एवं खोडरो के सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार विकसित भारत जी राम जी (मनरेगा) योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर ग्राम पंचायत शिवपुर, महंगई, सेमराकठरा, नरसिंहपुर, कोदौरा, पकराड़ी, बादा, भेण्डरी, उफिया एवं ठरकी के रोजगार सहायकों को भी कारण बताओ सूचना जारी की गई। साथ ही मनरेगा अंतर्गत तकनीकी सहायक श विनित जायसवाल को भी योजनाओं में लापरवाही बरतने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिपं सीईओ श्रीमती तोमर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योजनाओं में तेजी लाने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत संजय दुबे, पीएम आवास योजना जिला समन्वयक दिवाकर गुप्ता, अनिल गुप्ता सहित जनपद पंचायत राजपुर के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय में हुई विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक

**सूरजपुर।** प्रेमनगर विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक जिला संगठन प्रभारी शिवनाथ यादव व विधायक भूलन सिंह के आतिथ्य में तथा भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, जिला प्रभारी शिवनाथ यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृपाल साहू ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, आदर्शों एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं को समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। भारतीय जनता पार्टी की नीतियों व विचारधारा से प्रभावित होकर डेडरी के सरपंच कामता प्रताप सिंह सहित उनके अन्य ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान राजेश महल वाला, मंजीत सिंह भामरा, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, मुकेश गर्ग, दीपक गुप्ता, अरविंद मिश्रा, पवन सिंह, कैलाश सिदार, विजय राजवाड़े, किरण खेस, श्यामा पांडे, लीलू गुप्ता, पवन कुमार साहू, नीरज कुमार गुप्ता, स्वाति सिंह, श्रीमती निर्मला यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# चिनिया टीम ने सूर्य प्रकाश मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट खिताब किया अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

चिनियां खेल मैदान में आयोजित सूर्य प्रकाश मेमोरियल जनपद स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। फाइनल मैच पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा रामविचार नेताम की उपस्थिति में चिनियां एवं तेतरडीह टीम के बीच हुआ, जिसमें चिनियाँ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तेतरडीह को 3-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। तेतरडीह की टीम उप विजेता रही।

क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम द्वारा अपने दिवंगत पुत्र स्व. सूर्य प्रकाश नेताम की स्मृति में प्रतिवर्ष क्षेत्र में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष सूर्य प्रकाश मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन जनपद स्तर पर किया गया। फाइनल मैच में चिनियां की टीम ने घरेलू मैदान का भरपूर लाभ उठाते हुए तेतरडीह टीम को 3-1 से हराकर विजय प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुष्पा रामविचार नेताम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेताम परिवार सदैव क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेगा। खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक, सामाजिक विकास एवं सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है।



उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम जिला, प्रदेश एवं देश स्तर पर रोशन करने करने की बात कही। टूर्नामेंट में जनपद भर से कुल 44 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए धमनी, आरागाही, आबादी एवं चिनियां चार खेल मैदानों का चयन किया गया था, जबकि समापन चिनियां खेल मैदान में हुआ। टूर्नामेंट में विजेता टीम चिनियां को 41 हजार नगद पुरस्कार तथा उपविजेता टीम तेतरडीह को 25 हजार नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी 44 टीमों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में ड्रेस किट वितरित की गई। फाइनल मुकाबले के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता अनूप तिवारी, कन्हैयालाल अग्रवाल, भानु प्रकाश दीक्षित, बलवंत सिंह, तारावती सिंह, मुंशी राम शांडिल्य, बद्री यादव, मुंद्रिका सिंह, सुनील तिवारी, राजकुमार यादव, अशरफी यादव, अनोज यादव, पवन कश्यप सहित अन्य मौजूद रहे। आयोजन समिति में अध्यक्ष अमावस सिंह, सुनील सिंह, रामविचार सिंह, वीरेंद्र सिंह मरकाम, मंगल सिंह एवं राम प्रवेश सिंह सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# केबिनेट मंत्री ने दो सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

**बिश्रामपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज रविवार को सूरजपुर जिले में 13 करोड़ से अधिक लागत से बन रही दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर विकास कार्यों को गति प्रदान की,इन परियोजनाओं से क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुविधाजनक होने के साथ-साथ विकास को नया आयाम मिलने की उम्मीद है,मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने भटगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिवसागरपुर में कसलगिरी से शिवसागरपुर तक 1.40 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया, इस सड़क निर्माण हेतु शासन द्वारा 119 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



इसके पश्चात उन्होंने ग्राम महेशपुर में 5.80 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ की,यह सड़क सिलफीली राष्ट्रीय राजमार्ग-43 से महेशपुर होते हुए लटोरी तक जाती है,इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना के लिए शासन ने 1269 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि सुदृढ़ सड़क नेटवर्क से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा तथा शिक्षा,स्वास्थ्य सेवाओं और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा,उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, जिला एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी,पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## श्रीमद् भागवत महापुराण कथा से भक्ति व उत्साह का माहौल

**बिश्रामपुर।** संजयनगर क्षेत्र में भक्ति व श्रद्धाभाव से कराये जा रहे श्रीमद भागवत महापुराण कथा के दिव्य आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है,आयोजन को लेकर संजयनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में आध्यात्मिक वातावरण बनने लगा है,यह श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम 25 दिसम्बर से 1 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है,इस दौरान प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं,भक्तों के चरित्र, धर्म,ज्ञान और भक्ति का रसपूर्ण वर्णन होगा,आयोजन के माध्यम से जनमानस में धार्मिक चेतना,संस्कार और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है,कार्यक्रम का शुभारंभ 25 दिसम्बर को कलश यात्रा के साथ किया गया,श्रीमद् भागवत कथा पीठाधीश्वर श्री स्वामी राजेन्द्र दास देवाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हो रहा है,कथा व्यास के रूप में आचार्य राम स्नेही मिश्र अपनी सरल, सारगर्भित एवं भावपूर्ण शैली में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का जीवंत वर्णन कर रहे हैं,श्रद्धालुओं को कथा श्रवण के माध्यम से जीवन के गूढ़ रहस्यों और धर्म के मार्ग का बोध कराया जा रहा है,प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक कथा वाचन किया जा रहा है,28 दिसम्बर को श्रीकृष्ण जन्म उत्सव की जानकारी दी गई, 29 दिसम्बर को गोवर्धन पूजा उत्सव,30 दिसम्बर को रुक्मणी विवाह, 31 दिसम्बर को कथा एवं 1 जनवरी को हवन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा किया जा रहा है,विशेष रूप से श्रीकृष्ण जन्म, गोवर्धन पूजा एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंगों के दौरान भव्य झांकियां,भजन-कीर्तन और उत्सव का माहौल रहा।

# गांधी जी के सत्याग्रह अस्त्र को आजमाने की परिस्थिति हो गई है उत्पन्न : पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

देश की आजादी का संघर्ष कर उसे प्राप्त करने वाली कांग्रेस पार्टी के 140 वें स्थापना दिवस पर आज जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने राजीव भवन पार्टी के झंडा वंदन के साथ ही वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में कांग्रेस की भूमिका पर परिचर्चा आयोजित की।

- स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने किया कार्यालय में ध्वजारोहण

कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस पर आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेन्द्र गुप्ता द्वारा पार्टी का ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेन्द्र गुप्ता एवं विमलेश सिंह को शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। परिचर्चा को प्रारंभ करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने ने कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के इतिहास और महात्मा गांधी के द्वारा दी गई सत्याग्रह की शक्ति को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि देश की मौजूदा सरकार देश के गरीब, किसान, नौजवान, महिला, दलित, आदीवासी, छोटे व्यापारी सभी को उसी तरह प्रताड़ित कर रही है जैसे अंग्रेजों ने किया था। ऐसी परिस्थिति में देश को बचाने के लिये कांग्रेस के समक्ष आज पुनः आजादी के संघर्ष के दौरान गांधीजी द्वारा दिए गए सत्याग्रह के अस्त्र को आजमाने की परिस्थिति उत्पन्न हो गयी है। परिचर्चा के अंतिम उद्बोधन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र गुप्ता ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि परिस्थिति विपरीत है लेकिन विपरीत परिस्थिति में ही कांग्रेस निखरती है और देश को बचाने में सफल होती है। वरिष्ठ नेता विमलेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा चिरस्थायी है। उसे कोई फासीवादी विचारधारा नहीं मिटा सकती है। हम आशान्वित हैं अपने नेतृत्व से, युवा कार्यकर्ताओं के जोश से, वो पुनः देश एकजुट कर लेंगे। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि आज देश मे फासीवादी ताकतों के द्वारा उन्हीं परिस्थितियों का निर्माण किया जा रहा है, जो अंग्रेजों ने किया था। इसकी आड़ में मूल निवासियों के जल, जंगल, जमीन को लूट कर, उन्हें बेदखल कर, उनकी संपत्तियों को पूंजीपतियों को सौंपा जा रहा है। कांग्रेस अपने संघर्ष की ताकत के बदौलत देश की फासीवादी सरकार के द्वारा पूंजीपतियों को लाभान्वित करने के लक्ष्य से किये जा रहे इस काम को ध्वस्त कर देगी। देश की साम्प्रदायिक सद्भावना को समाप्त करने के पीछे के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि अंग्रेजों के बांटो और राज करो की नीति के विरुद्ध कांग्रेस ने वह मंच दिया जिसने देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले सभी विचारधाराओं को एकजुट किया। आज वही स्थिति पुनः विद्यमान है। आज भाजपा ने देश में वही स्थिति उत्पन्न कर दिया है। लोग बंट गये हैं उसकी आड़ में भाजपा महिला अपराधों में संलग्न अपने नेताओं को बचा रही है, देश के संसाधनों को अपने व्यापारी मित्रों को लूटा रही है। लोगों के हक पर डाका डाला जा रहा है। इस विषम परिस्थिति से संघर्ष के लिए कांग्रेस देश को पुनः संगठित करने के लिए तैयार है। प्रदेश महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस अपने आप में एक ऐसी व्यवस्था है जो शोषण के विरुद्ध मानवता के स्थापना के लिए कार्य करती है। यही कारण था कि वो इस देश को आजाद करने के संघर्ष में सबसे प्रमुख आवाज़ बनी। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस इस देश की ऐतिहासिक धरोहर है और हमे गर्व है कि हम इसकी विचारधारा से जुड़कर कार्य करते हैं। हमारी विचारधारा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक विचारधारा है जो कि बहुलता वाले इस देश को एक रख सकती है। परिचर्चा को एपी शांडिल्य, लक्ष्मी गुप्ता, आतिश शुक्ला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लोकेश कुमार ने किया। इस दौरान मो इस्लाम, रामविनय सिंह, डॉ लालचंद यादव, इंद्रजीत सिंह धंजल, अनिल सिंह, दुर्गेश गुप्ता, संजय सिंह, गुरप्रीत सिद्धू, नरेंद्र विश्वकर्मा, जमील खान, राशिद अहमद, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, सोहन जायसवाल, अमित सिन्हा, आलोक सिंह, आशीष जायसवाल, प्रीति सिंह, गीता रजक, अमित सिंह, अविनाश कुमार, निखिल विश्वकर्मा, शिवप्रसाद अग्रहरि, दिनेश शर्मा, अमित वर्मा, आदि उपस्थित थे।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736